तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 10 जुलाई 2025

14 शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बेहतर शिक्षा देने की ...



12 पटेल चौक, जीई रोड पर यात्री बसों की अवैध ...





## खबर संक्षेप

### जिला साक्षरता मिशन की बैठक आज होगी

**बेमेतरा।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत संचालित नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के प्रभावी और समयबद्ध क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण, बेमेतरा की कार्यकारिणी समिति की एक आवश्यक बैठक का आयोजन 10 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे दृष्टि सभा कक्ष, जिला कार्यालय बेमेतरा में किया गया है। बैठक में विभागीय अमले की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया गया है, ताकि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के लक्ष्यों को समय सीमा में प्राप्त किया जा सके। बैठक में कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा के साथ-साथ भविष्य की कार्ययोजना पर भी चर्चा की जाएगी।

### ग्रामीणों पर एफआईआर की पुलिस की ज्यादती : कांग्रेस

**बेमेतरा।** ग्राम बाबा मोहतरा में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने को



लेकर चल रहे ग्रामीणों के शांतिपूर्ण आंदोलन पर एफआईआर दर्ज किए जाने को लेकर कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि यह जनभावनाओं का दमन है और प्रशासन ने भाजपा के इशारे पर कार्य करते हुए ग्रामीणों पर झूठा प्रकरण दर्ज किया है। छाबड़ा ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय खोलने का विरोध नहीं है, परंतु जिस भवन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वर्षों से संचालित हो रहा है, उसी में केंद्रीय विद्यालय की शुरुआत करना अनुचित है। इससे सैकड़ों ग्रामीण छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होगी, क्योंकि उनके लिए किसी वैकल्पिक भवन या व्यवस्था की घोषणा नहीं की गई है। उन्होंने यह भी कहा कि शासन के पास अन्य स्थानों पर पर्याप्त भवन उपलब्ध हैं, जैसे पूर्व में नवोदय विद्यालय के लिए खिलोरा का भवन उपयोग में लाया गया था। ऐसे में शिक्षा विभाग के पास पूरे एक वर्ष का समय होते हुए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई। पूर्व विधायक ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि जनहित भाजपा सरकार की प्राथमिकता में नहीं है, और अब शांतिपूर्ण विरोध की आवाज को भी दबाने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस पार्टी इसका विरोध करती है और आवश्यकता पड़ने पर ग्रामीणों के साथ बड़ा जन आंदोलन करने को भी तैयार है।

### मौसमी बीमारियों से हेल्थ विभाग ने किया सावधान

**बेमेतरा।** जिले में लगातार बदलते मौसम और बारिश के चलते सर्दी, खांसी, उल्टी, दस्त, बुखार जैसी मौसमी बीमारियों के मामलों में वृद्धि की आशंका को देखते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय द्वारा जनसामान्य से सतर्क रहने और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों को अपनाने की अपील की गई है। बताया गया है कि इस मौसम में डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड जैसी बीमारियां भी फैल सकती हैं। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानियां बरतने की अपील की है की गर्म व ताजा भोजन करें। पीने का पानी छानकर या उबालकर पिएं। खुले में रखा या बासी भोजन न करें। कटे-फटे फल व सब्जियों का सेवन न करें। उल्टी, दस्त, बुखार, खांसी, सिरदर्द जैसे लक्षण होने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में तत्काल जांच कराएं। अधिक जानकारी के लिए 104 टोल फ्री नंबर पर संपर्क करें। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने नागरिकों से अपील की है कि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें और सावधानियों का पालन कर खुद को व अपने परिवार को सुरक्षित रखें।

# पारदर्शिता, समयबद्धता और दक्षता की ओर प्रशासन का डिजिटल कदम

## संयुक्त जिला कार्यालय में हुआ ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

जिले में शासकीय कार्यप्रणाली को डिजिटलीकरण की ओर अग्रसर करते हुए,बुधवार संयुक्त जिला कार्यालय बेमेतरा में ई-ऑफिस प्रणाली का विधिवत शुभारंभ किया गया। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बुधवार को अपने कक्ष से ई-ऑफिस प्रणाली का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह पहल शासन की मंशा के अनुरूप एक महत्वपूर्ण कदम है, जो प्रशासनिक कार्यों को पारदर्शी, दक्ष एवं समयबद्ध बनाएगी। कलेक्टर श्री शर्मा ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली से न केवल कार्यों में पारदर्शिता आएगी, बल्कि कार्यों की गति में भी उल्लेखनीय सुधार होगा। यह पहल कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग को भी प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने इसे डिजिटल इंडिया कार्यक्रम की दिशा में जिले का एक प्रभावी और ठोस कदम बताया। ई-ऑफिस का उपयोग केंद्रीय सरकार, राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन सहित विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। यह प्रणाली फाइल प्रबंधन, रिकॉर्ड प्रबंधन और कार्यालयीन संचार जैसे विविध कार्यों को डिजिटल प्लेटफॉर्म पर संचालित करने में मदद करती है। ई-ऑफिस प्रणाली के शुभारंभ के साथ बेमेतरा जिला प्रशासन ने सुशासन और कार्यकुशलता की दिशा में एक प्रभावशाली कदम बढ़ाया है। यह पहल आने वाले समय में समस्त शासकीय कार्यों को अधिक सुगम, पारदर्शी और नागरिक हितैषी बनाने में सहायक सिद्ध होगी।



### ई-ऑफिस, एक डिजिटल बदलाव की पहल

ई-ऑफिस, जिसे इलेक्ट्रॉनिक कार्यालय भी कहा जाता है, एक ऐसा डिजिटल कार्यस्थल समाधान है जो शासकीय कार्यालयों में कागज रहित, सरल, प्रभावशाली और पारदर्शी कार्य प्रणाली को बढ़ावा देता है। यह एक ओपन आर्किटेक्चर पर आधारित प्रणाली है, जिसे विभिन्न स्तरों पर कार्यान्वित किया जा सकता है। यह प्रणाली भारत सरकार के डिजिटल इंडिया अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समस्त शासकीय विभागों में प्रक्रियाओं को डिजिटल रूप से सुलभ और कुशल बनाना है। ई-ऑफिस के मुख्य उद्देश्य सरकारी कार्यप्रणाली को आसान और तेज बनाना। काम में पारदर्शिता लाकर जवाबदेही सुनिश्चित करना। कार्य निष्पादन की गुणवत्ता और गति में सुधार। कागज के उपयोग को न्यूनतम कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान । ई ऑफिस से सरकारी कार्यों की प्रक्रिया नागरिकों के लिए अधिक स्पष्ट हो जाती है। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने कार्यों के लिए उत्तरदायी होते हैं, जिससे भ्रष्टाचार में कमी आती है। कार्य प्रक्रिया में तेजी आने से समय और संसाधनों की बचत होती है। सिस्टम आधारित कार्यप्रणाली से कर्मचारी अधिक कुशलता से कार्य कर पाते हैं।

## गड़बड़ी : लोनिवि सेतु संभाग घटिया निर्माण को छुपाने मुरुम से की लीपापोती

# करोड़ों के डोटू नाला उच्चस्तरीय पुल पर दो साल में ही जगह-जगह दरारें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

लोक निर्माण विभाग सेतू निर्माण संभाग के अंतर्गत बेरला मुख्यालय के ग्राम सलधा-संडी के बीच डोटू नाला निर्माण लगभग दो वर्ष ही हुआ है हुए ओर कई जगहों पर दरार आने से करोड़ रुपये की निर्माण कार्य पर सवाल उठ रहे हैं । पुल के ऊपर मुरुम डालकर गुणवत्ताहीन निर्माण पर पर्दा डालने की प्रयास किया जा रहा है । घटिया मटेरियल व गुणवत्ताहीन निर्माण के चलते पुल की ऐसी स्थिति बन गयी है। जिनका खामयाजा आम राहगीरों को देना पड़ सकता है। वही जिम्मेदार इंजीनियर व एसडीओ एवं कार्यपालन अभियंता की निष्क्रियता व नजर अंदाज के चलते ठेकेदार नियम व मानक माप दण्डो को दरकिनार कर गुणवत्ताहीन व घटिया मटेरियल की उपयोग कर निर्माण किया गया। जिनके फलस्वरूप आज पुल के ऊपर बिना कारणवस अपनी गुणवत्ताहीन निर्माण को छुपाने के चलते मुरुम डाला गया। साथ ही जगह-जगह पर दरार आने लगे है।

- पुल का निर्माण मापदंड को दरकिनार करके बनाया गया है



वही बिना इंजीनियर मजदूरों के भरोसे कार्य को किया गया। इसके अलावा निर्माण कार्य में घटिया मुरम मिट्टी व काली मिट्टी की उपयोग से पुल के ढांचे व पुल से जुड़े सड़क धसने लगे है। पुल निर्माण को बने अभी लगभग दो साल ही हुए है कि अभी से ही गुणवत्ता पर सवाल खड़े होने लगे है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर तनिक भी ध्यान नहीं देना तरह-तरह के कथित सवालों को जन्म दे रहे है।

बता दें कि सलधा से संडी मार्ग डोटू नाला पर उच्चस्तरीय पुल मय पहुंच मार्ग निर्माण किया गया है।

### ढांचे को मुरम से ढक दिया गया

ग्राम संडी की ओर जाने पर पुल की अंतिम छोर में दरार आने से आप अंदेशा लगा सकते है कि किस स्तर के मटेरियल की उपयोग से निर्माण किया गया हो। वही ढांचे को मुरम से ढक दिया गया है। ताकि बात वही के वही धरी के धरी रह जाये। इसकी लम्बाई 120.00 मीटर (5 स्पान @ 24.00 मीटर + 2× 7.50 =15.00मीटर अबटमेंट)= 135 मीटर है। यह डोटू नाला निर्माण 614.22 लाख अनुबंध लागत से निर्माण होने के बाद भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य के चलते ग्राम सलधा संडी ग्रामीणों में सवाल खड़े हो रहे है। यहां तक कुछ असामाजिकता ऐसा भी देखने को मिला है कि पुल से लगे सूचना बोर्ड को चोरी कर लिया गया है। इसके बाद भी संबंधित विभाग अब तक शांत व मौन नजर आना चोर के हौसले बुलंद हो गए होंगे। जो मजाक बन कर रह गया। इस निर्माण कार्य में पूरे खानापूर्ति की गई है। साथ ही ठेकेदार निर्भय देशलहरे को इस संबंध में दुरभाषा से संपर्क करने पर बात तक करने की फुर्सत नहीं है। वर्षा ऋतु लग चुके है। ▶▶| शेष पेज 13 पर

# झमाझम बारिश से नदी-नाले उफान पर और खेत-खलिहान हुए लबालब



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

जिले में कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही है। जिससे अंचल वासियों की जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गए है। वही लगातर बारिश होने पर नदी-नाले उफान मारने लगे है। बीते कुछ दिनों से सुबह से शाम व रात्रि में रिमझिम व बुंदा-बांदी के साथ लगातार बारिश हो रही है। वही बुधवार की सुबह 4 बजे से ही झमाझम बारिश होने पर खेत खलिहानों में लबालब पानी भर गए। जिसको लेकर किसान अपने खेत से पानी निकालने की प्रयास करते नजर आए। ▶▶| शेष पेज 13 पर

- जलभराव से कृषि कार्य प्रभावित,किसानों को पानी थमने की प्रतीक्षा

### शिवनाथ और खारून के तटवर्ती गांवों में खतरा

बेरला क्षेत्र के कई ग्रामीण अंचल को शिवनाथ नदी व खारुन नदी से लगे हुए है। परिक्षेत्र में लगातार बारिश होने पर शिवनाथ नदी व खारुन नदी उफान पर आ गए है। बेमेतरा जिला के ब्लॉक बेरला के सीमा वर्तीय ग्राम कंडरका, बेरलाकला, भालेसर, मुड़पार आदि ग्राम रायपुर की सीमा को जोड़ती है। बेरलाकला जो राजधानी रायपुर को जोड़ने वाली एनीकट उफान पर है। खारुन नदी उफान के कारण अब इन रास्तों से आना-जाना बाधित हो गए है। बेरलाकला की खारुन नदी एनीकट व खम्हरिया एम-मंगलोर शिवनाथ नदी एनीकट से लगभग 3 फिट ऊपर से पानी बह रहे है। स्थानीय लोग इस नजारा को देखने के लिए बड़ी संख्या में आ रहे है। प्राकृतिक दृश्य की फोटो सेल्फी लेने के लिए जान ▶▶| शेष पेज 13 पर

# नगर में घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग धड़ल्ले से सुरक्षा और नियमों से खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| परपोड़ी

नगर में घरेलू गैस (एलपीजी) का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है। जिससे सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में सुरक्षा को लेकर सवाल है। परपोड़ी में होटलों, ढाबों, और दुकानों में घरेलू गैस (एलपीजी) नजर आता है जबकि यह शासन द्वारा प्रतिबंधित है। व्यवसायिक उपयोग में घरेलू रसोई गैस सिलेंडर का जमकर इस्तेमाल किया जा रहा है।

खाद्य आपूर्ति विभाग के अधिकारी समय-समय पर अभियान चलाकर जांच तो करते हैं, इसके बावजूद होटल, रेस्टोरेंट मिठाई की दुकानों व गोदामों में खुलेआम रसोई गैस सिलेंडर उपयोग में लाया जा रहा है। इससे सरकारी खजाने को नुकसान हो रहा है। सरकार की ओर से घरेलू उपभोक्ताओं को सस्ते दामों पर रसोई गैस उपलब्ध कराने के लिए घरेलू गैस सिलेंडर पर छूट दी जाती है, जबकि इसकी तुलना में व्यावसायिक एलपीजी गैस सिलेंडर महंगा है। घरेलू रसोई गैस सिलिंडर में प्रति किलो एलपीजी की कीमत लगभग 66 रुपये है, जबकि व्यवसायिक सिलेंडर में एक किलो गैस की कीमत 100 रुपये है। इस प्रकार प्रति किलोग्राम 34 रुपए का अंतर है जिसके चलते दुकानदार व्यवसायिक सिलेंडर के स्थान पर रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग करते हैं। अधिकारीयों का कहना है कि समय-समय पर अभियान चलाकर जांच की जाती है। यदि कहीं पर व्यवसायिक के स्थान पर रसोई गैस सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है तो, छापेमारी कर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रशासन द्वारा व्यावसायिक गैस की श्रेणी अलग है। उसमें सुरक्षा के अलग मापदंड है। घरेलू और व्यायसायिक गैस ( एलपीजी में अंतर प्रशासन द्वारा परिवार के लिए घरेलू सिलेंडर 14.2 किलो ग्राम का तय किया गया है। जिसकी फिलहाल कीमत 933 रुपए है। मिली जानकारी के अनुसार सालभर में 12 सिलेंडर प्रदाय किए जाने का प्रावधान है।

**व्यवसायिक उपयोग के लिए अलग सिलेंडर:** व्यवसायिक उपभोक्ता को (19 किग्रा/5 किग्रा) का उपयोग करना चाहिए, जो घरेलू गैस सिलेंडर की तुलना में अधिक महंगा होता है। परपोड़ी में दुकानदारों द्वारा घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग किया जा रहा है जिससे आम उपभोक्ताओं को गैस की कमी का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि व्यावसायिक उपयोग के लिए घरेलू गैस की मांग बढ़ जाती है। घरेलू गैस पर सरकार सब्सिडी देती है, जबकि व्यावसायिक गैस पर नहीं। नियमों के अनुसार छोटे दुकानदारों के लिए 5 किलोग्राम का सिलेंडर भी व्यावसायिक उपयोग के लिए होता है।

### जल्द कार्रवाई

खाद्य विभाग द्वारा उपरोक्त विषय से संबंधित जानकारी लिया गया उन्होंने जल्द कार्यवाही करने की बात कहीं।
- अमित तिवारी खाद्य निरीक्षक

### सुरक्षा से खिलवाड़, कार्रवाई जरूरी

व्यावसायिक उपयोग के लिए डिजाइन किए गए सिलेंडर अधिक सुरक्षित होते हैं। परपोड़ी में दुकानदार पैसा बचाने के लिए घरेलू सिलेंडर का उपयोग कर रहे है। यह सरासर नियमों का उल्लंघन है। घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करना, नियमों का उल्लंघन है। यदि कोई दुकानदार घरेलू गैस का व्यावसायिक उपयोग करता पाया जाता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। इन सबके ऊपर नगर पंचायत परपोड़ी, खाद्य विभाग, तहसीलदार द्वारा संयुक्त कार्यवाही किए जाने से ही रोक लगेगा है।

# युवती ने खुद पर पेट्रोल छिड़ककर खुदकुशी करने की कोशिश की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर के सिगनल चौक पर मंगलवार दोपहर उस वक्त हड़कंप मच गया, जब एक 22 वर्षीय युवती ने खुद पर पेट्रोल छिड़क आत्मदाह करने की कोशिश की। युवती ने पेट्रोल डालने के बाद माचिस निकालकर आग लगाने की कोशिश की, लेकिन उसी वक्त अचानक बारिश शुरू हो गई और माचिस की तीलियां भीगने से वह जल नहीं पाई। इसके बावजूद युवती कई बार तीलियां रगड़ती रही। मौके पर मौजूद राहगीरों ने तत्काल हस्तक्षेप करते हुए युवती से माचिस छीनी और उसे किसी तरह शांत कराया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने युवती को अपने संरक्षण में लेकर थाने पहुंचाया। पुलिस ने बताया कि युवती मानसिक रूप से काफी तनाव में थी। शुरुआती पूछताछ में प्रेम प्रसंग और पारिवारिक विवाद की आशंका जताई जा ▶▶| शेष पेज 13 पर

- बारिश की वजह से माचिस नहीं जली और लोगों ने बचा लिया

### अगर बारिश न होती, तो अनहोनी तय थी

घटना के वक्त पास में खड़े दुकानदार ने बताया कि युवती ने जब खुद पर पेट्रोल डाला, तो हम लोग घबरा गए। उसने माचिस निकाली, लेकिन जैसे ही पहली तीली जलाई, बारिश शुरू हो गई। माचिस भीग गई, वरना वह खुद को आग लगा चुकी होती। पुलिस ने घटनास्थल से पेट्रोल की बोतल और गीली माचिस बरामद कर ली है। युवती को प्राथमिक चिकित्सकीय जांच के बाद महिला काउंसलिंग सेंटर भेजा जा सकता है।

# चिकित्सालय का डा. चोपड़ा ने किया निरीक्षण दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ डॉ अमृत रोहडेलकर आज जिला स्तरीय टीम के साथ जिला चिकित्सालय बेमेतरा का किया निरीक्षण उक्त स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण टीम में जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक बसोड़ , डॉ बी एल राज प्रमुख रूप से शामिल थे,सीएमएचओ निरीक्षण टीम के साथ 9 तारीख को गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली विशेष सुविधा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान तहत,बैठने की व्यवस्था ,पंजीयन, स्त्रीरोग ,गर्भवती जांच कक्ष, पैथोलॉजी लैब, सोनोग्राफी सेवाएं,दवाई वितरण सेवा, शुद्ध पेय जल की उपलब्धता,साफ सफाई व्यवस्था आदि का बारीकी से निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए, सीएमएचओ डॉ रोहडेलकर ने कहा कि अस्पताल में आए हितग्राहियों को शासन स्तर पर उपलब्ध सुविधा का लाभ पूरे मिलना चाहिए किसी प्रकार से उन्हें शिकायत का मौका न मिले ये सुनिश्चित किया जाए, इसी क्रम में एम सी एच बिल्डिंग में प्रसव कक्ष,पोषण पुनर्वास केंद्र, एस एन सी यू, डायलिसिस वार्ड का भी निरीक्षण किया गया भर्ती बच्चे उनके परिजन ,मरीजों से मिलकर व्यवस्था इलाज संबंधित जानकारी लिए,जिला चिकित्सालय में ब्लड बैंक का निरीक्षण में उपलब्ध ब्लड बैग और प्रति दिन मांग की जानकारी ली जिसमें आवश्यकता देखकर रक्तदान के लिए जागरूकता अभियान के साथ समुदाय विभिन्न स्तर पर शिविर आयोजन की बात कही,ओपीडी ▶▶| शेष पेज 13 पर

- प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व में दी जा रही सुविधा व्यवस्थाओं का किया अवलोकन

## केंद्रीय विद्यालय संचालन के विरोध का मामला हुआ शांत

# केंद्रीय विद्यालय के अस्थाई संचालन पर बनी सहमति, अब बाबा मोहतरा में लगेंगी क्लास

**पंचायत भवन में प्रशासन, ग्रामीण एवं शाला प्रबंधन समिति की हुई बैठक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

ग्राम पंचायत भवन बावामोहतरा में केंद्रीय विद्यालय के सुचारू संचालन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसडीएम प्रकाश भारद्वाज, तहसीलदार, जिला शिक्षा अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, विद्यालय प्राचार्य, पंचायत प्रतिनिधिगण, शाला प्रबंधन समिति एवं ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बैठक में ग्रामवासियों द्वारा यह स्पष्ट रूप से सहमति दी गई कि भविष्य में केंद्रीय विद्यालय के संचालन में किसी भी प्रकार का धरना, चक्काजाम अथवा विरोध प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। सभी पंचायत प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने विद्यालय के शांतिपूर्ण संचालन में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।



बैठक में ग्रामवासियों द्वारा सर्वसम्मति से यह आश्वासन दिया गया कि भविष्य में केंद्रीय विद्यालय के संचालन में किसी भी प्रकार का धरना, चक्काजाम या विरोध प्रदर्शन नहीं किया जाएगा। ग्राम के शासकीय विद्यालय भवन में केंद्रीय विद्यालय के अस्थायी संचालन को लेकर सहमति बनी, और ग्रामीणों ने विद्यालय संचालन में पूर्ण सहयोग देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। साथ ही, ग्राम पंचायत द्वारा छह अतिरिक्त कक्षों के निर्माण हेतु अगले चार माह में कार्य पूर्ण करने का आश्वासन दिया गया। जिला प्रशासन द्वारा अतिरिक्त कक्ष जिला खनिज न्यास से आबंटित करने के निर्देश दिए । इस अवसर पर एसडीएम श्री भारद्वाज द्वारा तत्काल पाँच अतिरिक्त कक्षों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई।

### आपराधिक कार्रवाई को समाप्त करें

विगत दिनों हुई घटनाओं के संबंध में ग्रामवासियों ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी प्रकार की कानून व्यवस्था को भंग करना नहीं था। ग्रामीणों ने आग्रह किया कि उनके विरुद्ध की गई आपराधिक कार्यवाहियों को समाप्त किया जाए। इस पर एसडीएम महोदय ने पुलिस अधीक्षक से समन्वय कर न्यायोचित विवेचना का आश्वासन दिया।

बैठक में पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ग्राम पंचायत की कैश बुक एवं चार्ज रजिस्टर के हस्तांतरण को लेकर ▶▶| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### बाढ़ प्रभावितों के लिए वार्ड 55 में भवन का चयन

दुर्ग। शिवनाथ नदी स्थित रहवासियों से महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, आरके जैन, शोएब अहमद के साथ शिवनाथ नदी ओवरब्रिज के पास रहने वालों से कहा कि शहर में लगातार हो रही बारिश एवं मोंगरा बैराग जलाशय से पानी शिवनाथ नदी में छोड़ा जा रहा हैं। जिससे नदी के आस पास दुकान क्षेत्र में बाढ़ की स्थिति निर्मित हो गई हैं बाढ़ एवं बारिश से प्रभावित लोगों के ठहरने के लिए निगम द्वारा वार्डों में स्थित समुदायिक एवं सांस्कृतिक भवनों का चयन किया गया हैं। उन्होंने कहा कि बाढ़ एवं बारिश से प्रभावित लोगों से चयनित स्थान में सुरक्षित पर आकर रहे।

### कवर्धा घटना का कर्मचारी फेडरेशन ने किया विरोध

दुर्ग। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर दुर्ग जिले में भी कलेक्टर कबीरधाम गोपाल वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री. गृह मंत्री व मुख्य सचिव के नाम विरोध ज्ञापन सौंपकर कर्मचारियों के साथ दुर्व्यवहार एवं अपमानजनक कृत्य के लिए उन्हें हटाने निष्पक्ष जांच की मांग की है। सौपने वालों मे फेडरेशन के राजेश चटर्जी, जिला संयोजक विजय लहरे, प्रवक्ता अनुरूप साहू, प्रदीप चौहान, मनीष तिवारी, भानु प्रताप यादव आदि शामिल हैं।

### मृतक के परिजन को प्रतिकर राशि स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिषेक सिंह ने वाहन दुर्घटना में मृतक के परिजन को 2 लाख रूपए की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है। अजय बघेल निवासी कुन्दरापारा वार्ड 54 पोटियाकला नई बस्ती तहसील व जिला दुर्ग की विगत 19 फरवरी 2023 को पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग के पास अज्ञात वाहन द्वारा सड़क दुर्घटना हिट एण्ड रन में घोर उपहति के कारण 20 फरवरी 2023 को मृत्यु की पुष्टि की गई है। कलेक्टर श्री सिंह ने मृतक अजय बघेल की विधिक प्रतिनिधि उनकी पत्नी राधिका बघेल को पूर्व में 25 हजार तथा 1 अप्रैल 2022 प्रतिकर राशि संशोधन उपरांत 1 लाख 75 हजार की प्रतिकर राशि स्वीकृत की है।

### उद्योग भवन में उप पंजीयक कार्यालय की होगी शिफ्टिंग

दुर्ग। उप पंजीयक कार्यालय में मॉडल ऑफिस का निर्माण कार्य शुरू होने के कारण इस कार्यालय को अस्थायी रूप से सीएसआईडीसी परिसर के प्रथम तल जीई रोड दुर्ग में स्थानांतरित किया गया है। जिला पंजीयक सुश्री प्रियंका श्रीरंगे ने बताया कि जिला पंजीयक कार्यालय एवं नकल सर्च पुराने भवन में ही संचालित होगा।

### महापौर नीरज ने किया जल भराव क्षेत्र का निरीक्षण

भिलाई। निगम क्षेत्र में निरंतर बारिश के कारण जल भराव की स्थिति निर्मित न हो एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए महापौर नीरज पाल, महापौर परिषद सदस्य लक्ष्मीपति राजू सुबह 8 बजे से विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किए। जुनवानी रोड स्थित एम.जे.कालेज समीपस्थ बड़ा नाला, इंदु आई.टी. स्कूल के सामने नाला, वार्ड क्रं. 14 शांति नगर एवं वार्ड क्रं. 17 नेहरू भवन सुपेला के मोहल्लो में छोटे नालो का निरीक्षण किया गया।

# पुलगांव नाले की जलकुंभी इंटकवेल में फंसने से पेयजल आपूर्ति में हुआ असर

## महापौर ने निरीक्षण कर स्थाई हल के लिए वैकल्पिक प्लान बनाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

विगत दो दिनों से लगातार हो रही है बारिश के चलते नदी नाले उफान पर हैं और शिवनाथ नदी में आई बाढ़ व पुलगांव नाला का जलस्तर बढ़ने से नाले में जमे जलकुंभी व झिल्ली पन्नी नदी इंटकवेल में फंस रही है। इसका असर अब पेयजल सप्लाई में भी होने लगी है, किंतु निगम के जलगृह विभाग द्वारा कर्मचारी लगाकर संप में फंस रहे कचरे को लगातार साफ कराई जा रही है।

वही जानकारी मिलने पर नगर निगम महापौरअलका बाघमार ने शिवनाथ नदी का निरीक्षण करने पहुंची और नाले किनारे स्थापित 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में हर वर्ष बरसात के दिनों में नाले के कचरे फंसने के कारण पेयजल प्रभावित होने से रोकने वैकल्पिक प्लान बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

इस दौरान जलगृह विभाग प्रभारी श्रीमती लीना दिनेश देवांगन, वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे, महिला बाल विकास प्रभारी शशि साहू, पूर्व सभापति दिनेश देवांगन, डॉ देवनारायण तांडी, पार्षद गोविंद देवांगन, जल विभाग अभियंता मोहित मरकाम, विनोद मांझी, जलकार्य निरीक्षक नारायण ठाकुर मौजूद थे।



### मोगरा बैराज से छोड़ा गया पानी

लगातार बारिश व मोगरा बैराज से पचास हजार क्यूसेक पानी छोड़ने से शिवनाथ नदी माहमरा एनीकेट में तीन फीट से अधिक पानी चढ़ गया है और इधर पुलगांव नाला में भी जल स्तर बढ़ने से उसमें जमे गाद के साथ जलकुंभी व कचरा बहकर शिवनाथ नदी के किनारे स्थित नगर निगम के 24 व 42 एमएलडी इंटकवेल में बार-बार फंस रही है, जिसे साफ करने कर्मचारी लगातार मशक्कत कर रहे है किंतु इसका सीधा असर अब शहर में जलापूर्ति पर हो रही है क्योंकि संप का मोटर पम्प बार बार बंद होने से फिल्टर प्लांट तक पानी पहुंचने में दिक्कत होने लगी है। यह समस्या अक्सर बरसात के दिनों में होती है इसे देखते हुए महापौर अलका बाघमार ने बरसो पहले नाला किनारे बनाए गए इंटकवेल को नदी के प्रवाह क्षेत्र में स्थापित करने वैकल्पिक प्रस्ताव के लिए प्लान बनाने निर्देश दिए हैं। वहीं शहर की जनता से उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने की दृष्टि से बरसात के दिनों में पानी उबाल कर पीने की अपील की है ।

## ननि आयुक्त सुमीत अग्रवाल ने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी को लिखा पत्र

# पटेल चौक, जीई रोड पर यात्री बसों की अवैध पार्किंग, अब परमिट होंगे निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शहर की प्रमुख सड़कों और व्यस्ततम मार्गों पर यात्री बसों की पार्किंग से ट्रैफिक जाम की समस्या खड़ी हो गई है। इसे लेकर लगातार शिकायत के बाद भी बस संचालक इसे गंभीरता से नहीं ले रही है। इसके कारण पटेल चौक के पास दवे पेट्रोल पंप किनारे, जीई रोड, बस स्टैंड, हनुमान मंदिर के सामने, मालवीय नगर चौक, रविशंकर स्टेडियम मार्ग, पुलगांव नाला, महेश कॉलोनी सड़क सहित अन्य जगहों पर यात्री बसों को बेतरतीब ढंग से खड़े आसानी से देखा जा सकता है। इसे लेकर निगम ने अब कार्रवाई की तैयारी की है।

दुर्ग निगम ने आरटीओ को पत्र लिखकर ऐसी बसों के संचालकों को नोटिस जारी करने अन्यथा परमिट निरस्त करने की प्रक्रिया करने की सिफारिश की है। बता दें कि शहर के विस्तार के साथ ही यात्री बसों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। दुर्ग में दुर्ग रोडवेज और पटेल चौक स्थित पायल ट्रैवल्स की बसें बेतरतीब ढंग से खड़ी रहती हैं। दोनों ही जगहों पर डिपो है। बावजूद इसके वाहनों को सड़क पर खड़े कर दिया जाता है, जिससे परेशानी बढ़.जाती है। बढ़ती ट्रैफिक की समस्या को देखते हुए सात साल पहले शहर में नए बस स्टैंड की कवायद भी शुरू की गई थी। पोटिया स्थित ट्रेंचिंग ग्राउंड के करीब नए बस स्टैंड की कार्ययोजना बनाई गई थी। वहीं एक और नया बस स्टैंड अंजोरा-नेहरूनगर बायपास रोड पर ट्रांसपोर्ट नगर के लिए सिटी बस के वर्तमान डिपो में तैयार किया जाना था, लेकिन दोनों ही जगहों पर बस स्टैंड का काम शुरू ही नहीं हो पाया।

## बेतरतीब ढंग से खड़ी गाड़ियों से बढ़ा दुर्घटना का खतरा



### दो नए बस स्टैंड की कार्ययोजना, लेकिन काम अब तक शुरू नहीं

जानकारी के मुताबिक बाहर से आने वाली यात्री बसों के लिए निगम ने दो नए बस स्टैंड बनाने की तैयारी की थी। ताकि इन बसों को शहर के अंदर प्रवेश की जरुरत न हो। इसमें नागपुर, जबलपुर, अमरावती, पुणे, बनारस, सरगुजा, अंबिकापुर जैसे मार्गों की बसों को ठहरने की व्यवस्था दी जाने की योजना थी। इसे लेकर तैयारी भी निगम ने शुरू कर दी गई थी। निगम के तरफ से नजूल विभाग से पोटिया में करीब 35 एकड़ व ट्रांसपोर्ट नगर के करीब 22 एकड़ की जगह के लिए पत्र व्यवहार भी किया। शहर में तीन बस स्टैंड हो जाने से रहवासियों को भी सुविधा की बात कही, लेकिन योजना की फाइल आगे ही नहीं बढ़ी। सिटी बसों का परिचालन बंद हो गया, जिस वजह से ट्रांसपोर्ट नगर स्टैंड की योजना ठप पड़ गई।

### लोकल बसों का परिचालन वर्तमान बस स्टैंड से ही किया जा रहा

दोनों जगहों के लिए निगम के तरफ से करीब 6-6 करोड़ रुपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें पोटिया ट्रेंचिंग ग्राउंड व बायपास के करीब ट्रांसपोर्ट नगर स्थित सिटी बस डिपो में बस स्टैंड विकसित किया जाएगा। इसके अलावा लोकल यात्री बसों का परिचालन वर्तमान में संचालित बस स्टैंड से ही होगी। इसे लेकर पिछले दिनों सड़क यातायात सुरक्षा समिति की बैठक में निर्णय लिया गया था। वर्तमान में दुर्ग, रायपुर, राजनांदगांव के अलावा लंबी दूरी की सारी बसों का ठहराव नया बस स्टैंड में ही हो रहा है। इस वजह से बसों का दबाव बना हुआ है।

### आयुक्त ने बेतरतीब खड़े होने वाली बसों की जानकारी आरटीओ को दी

शहर के मुख्य मार्गों में पॉलीटेक्निक कॉलेज के पास, राजेन्द्र पार्क चौक के पास, मानस भवन के पास तथा गंजपारा से शिवनाथ नदी रोड में कुछ बस संचालकों द्वारा अघोषित रूप से बस पार्किंग बना लिया गया है, जिसके कारण यातायात बाधित होता है। बसों के खड़े रहने के कारण अन्य वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी हुई है। साथ ही नियमित रूप से उन बसों की धुलाई, साफ सफाई इत्यादि भी उनके द्वारा की जाती है, जिससे गंदगी व कचरा उत्पन्न हो रहा है। पूर्व मे अनेक बार बस संचालकों को समझाईश दी जा चुकी है। जुर्माना भी लगाया गया है, किन्तु कोई असर नहीं हो रहा है। नियमित रूप से अघोषित पार्किंग बनाकर मुख्य मार्गों मे बस खड़ी की जा रही है। दुर्ग नगर पालिका निगम आयुक्त सुमित अग्रवाल ने पत्राचार करते हुए क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी से कहा कि उक्त बस संचालकों के बसों के परमिट निरस्त करने की कार्रवाई की तैयारी की है।

# संविधान रैली में शामिल हुए दुर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

रायपुर के साइंस कॉलेज मैदान में आयोजित जय किसान, जय जवान और जय संविधान रैली में दुर्ग के कांग्रेस कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यकर्ता पूर्व विधायक अरुण वोरा, पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में अलग-अलग समूहों में मंगलवार की सुबह रायपुर के लिए रवाना हुए।बाकलीवाल ने कहा कि रैली केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक मूल्यों, किसानों के अधिकारों, जवानों के सम्मान और संविधान की रक्षा के लिए एक सशक्त जनसंदेश बनकर उभरी। भारी बारिश के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं बड़ी संख्या में पटेल चौक, इंदिरा मार्केट, गांधी पुतला, बस स्टैंड, पद्मनाभपुर, शहीद चौक सहित अन्य जगहों पर एकत्रित हुए, जहां से वाहनों में बैठकर वे रायपुर के लिए रवाना हुआ। रायपुर में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जनसभा को संबोधित किया। दुर्ग से शामिल कार्यकर्ताओं में दुर्ग निगम के नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले, प्रेमलता साहू, दीपक साहू, अल्ताफ अहमद, ज्ञानदास बंजारे, भोला महोबिया, मनीष बघेल, मंदीप भाटिया, सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद, गौरव उमरे, आयुष शर्मा, चिराग शर्मा, भास्कर कुंडले, पोषण साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## रामदेव बाबा दरबार में 10 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव

दुर्ग । पुलगांव नाका नवकार परिसर स्थित श्री रामदेव बाबा दरबार में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गुरुदेव सोहनलाल बापजी (चालीसगांव महाराष्ट्र) का गुरु पूर्णिमा महोत्सव 10 जुलाई को धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 10 बजे गुरुदेव जी की महाआरती की जाएगी। तत्पश्चात प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा गुरुदेव के जीवन पर आधारित भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। दोपहर में महाप्रसादी (भंडारा) का वितरण किया जाएगा। यह समस्त धार्मिक कार्यक्रम गुरुदेव सोहनलाल बापजी की शिष्या भक्तमाता शांतादेवी बापजी के सानिध्य में आयोजित किए गए है। श्री रामदेव बाबा दरबार नवकार परिसर समिति के प्रमुख रमेश कुमार जैन व पायल जैन द्वारा श्रद्धालुओं से समस्त धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

# जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक में चिन्हित भूमि पर पौधरोपण के दिए निर्देश



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिला स्तरीय वृक्षारोपण समिति की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिले में एक पेड़ मां के नाम 2.0 अभियान की गति में तेजी लाने पर जोर दिया गया। बैठक में एजेंडावार इको क्लब फॉर मिशन लाइफ का गठन एवं गठन संबंधी नोटिफिकेशन को शाला के सूचना पटल पर प्रदर्शित करते हुए पोर्टल पर अपलोड कराने, जिले के सभी स्कूलों को इको क्लब फॉर मिशन लाइफ पोर्टल में लिंक के माध्यम से पंजीयन कराने, पोर्टल पर विद्यालय का पंजीयन पश्चात फोटो अपलोड कराने तथा शाला परिसर में स्थान की कमी होने की स्थिति में समुदाय एवं पंचायत के साथ मिलकर सड़क के दोनों किनारों पर छायादार पौधे लगाने, पंचायत द्वारा इस अभियान के लिए तय की गयी भूमि, बाग-बगीचे, तालाब के किनारे, नगर वन क्षेत्र, स्मार्ट सिटी योजना, ग्रीनबेल्ट, जल संधारण हेतु निर्धारित क्षेत्र, अमृत सरोवर, नहर के किनारों पर वृक्षारोपण एवं पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थल, तीर्थ स्थल आदि में वृक्षारोपण पर चर्चा की गई।

अभियान हेतु सभी विभागों से सामूहिक जिम्मेदारी के साथ आवश्यक सहयोग करने की अपेक्षा की गई हैए ताकि यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकें। विभागों से अपेक्षित सहयोग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, विद्यालयों के समीप खाली शासकीय भूमि का चिन्हांकन सहित पोषण वाटिका की स्थापना एवं बच्चों को पौधे के संरक्षण हेतु प्रेरित करना है।

## गुरु पूर्णिमा पर श्री साई मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- भजन गायक अंकित तिवारी देंगे भजन की प्रस्तुति

सिविल लाईन कसारीडीह स्थित श्री साईबाबा मंदिर में गुरु पूर्णिमा का पर्व 10 जुलाई को श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर सुबह 7 बजे श्री साई बाबा का महाभिषेक, आरती, हवन-पूजन पश्चात महाप्रसादी का वितरण किया जाएगा। यह समस्त धार्मिक अनुष्ठान मंदिर के मुख्य पंडित कैलाश चंद्र तिवारी के सानिध्य में संपन्न होगा। उक्ताशय की जानकारी देते हुए श्री साई मंदिर समिति के अध्यक्ष श्रीकांत समर्थ एवं सचिव धनेन्द्र सिंह चंदेल ने बताया कि गुरु पूर्णिमा पर्व पर मंदिर में दोपहर से देर रात तक भजनों की धूम मचेगी। साई महिला भजन मंडली द्वारा दोपहर 3 बजे भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। संध्या 7 बजे श्री साई बाबा के आरती उपरांत भजन सम्राट अंकित तिवारी एवं साथी भजनों की की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध करेंगे। श्री साई बाबा मंदिर समिति के अध्यक्ष एवं सचिव चंदेल ने समस्त धार्मिक कार्यक्रम में श्रद्धालुओं से शामिल होकर पुण्यलाभ प्राप्त करने की अपील की है।

# घरों में लगे कूलर व टायरों में डेंगू के लार्वा की जांच शुरू, मेयर ने किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- मच्छरदानी लगाकर सोने की दी सलाह

डेंगू के रोकथाम को लेकर मेयर अलका बाघमार ने मुहिम तेज की है। इस संदर्भ में वार्ड 55 पुलगांव बस्ती क्षेत्र का निरीक्षण किया। महापौर ने एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, नीलेश अग्रवाल, पार्षद देवनारायण तांडी, गोविंद देवांगन, पार्षद अश्वनी निषाद के साथ घरों व दुकानों में लगे कूलर एवं दुकानों पर रखे टायरों की जांच कर लोगों से घर या आस पास पानी जमा न होने देने की अपील की।

साथ ही नागरिकों से मिलकर उन्हें घर के गमलों, टंकियों इत्यादि में पानी न जमा होने देने को लेकर जागरूक किया एवं घरों में टायर, कूलर इत्यादि को सुखाकर हटाए जाने को लेकर अपील की। उन्होंने कहा कि डेंगू के लार्वा का प्रसार स्वच्छ ठहरे हुए जल एवं बारिश के जल भराव वाले क्षेत्रों में होता है। जिससे बचाव के लिए लोगों के बीच जनजागरूकता के साथ ही स्वच्छता विभाग की ओर से सफाई व्यवस्था बनाये रखने की आवश्यकता होती है।



निरीक्षण के दौरान मेयर श्रीमती बाघमार ने नालियों में ऑयल छिडक़ाव, केमिकल छिडक़ाव, सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मेयर ने कहा कि लोगों को डेंगू व मलेरिया से बचने के लिए मच्छरदानी लगाकर सोने की सलाह दी।

## संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर ने जिले के निकायों की ली समीक्षा बैठक

# जलभराव की स्थिति पर रखें नजर, वाटर हार्वेस्टिंग पर हो काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- राहत कैंप के लिए स्थान का चयन करने के निर्देश

संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला प्रमुख अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने कहा है कि जिले के सभी नगरीय निकायों में बारिश से उत्पन्न जल भराव की स्थिति पर अधिकारी नजर रखें। आगामी दिनों में अत्यधिक वर्षा को ध्यान में रखते हुए राहत कैंप के लिए स्थान चयन कर लिया जाये। नगर निगम दुर्ग, भिलाई, भिलाई 03-चरोदा और रिसाली अंतर्गत बनाए गए अटल आवास, नये आवास में आवश्यक व्यवस्था कर लोगों को शिफ्ट कराए।

उन्होंने कहा कि वर्षा की पानी को संरक्षित रखने सभी शासकीय कार्यालयों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम प्राथमिकता के साथ बनाई जाये। जनहित के मुद्दों को ध्यान में रखते हुए निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम बनवाना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार अधिकारी बारिश के मौसम में विभागों को प्राप्त लक्ष्य के मुताबिक वृक्षारोपण भी करायें। उन्होंने वनमण्डलाधिकारी को जिले में वन की प्रतिशत बढ़ाने कारगर पहल कर जिले को वनाच्छादित बनाने के निर्देश दिये। सभी एसडीएम छोटे, बड़े झाड़ के जंगल क्षेत्र में व्यापक पैमाने पर वृक्षारोपण करायें। पीडब्ल्यूडी, पीएमजेएसवाय, सीएमजेएसवाय सड़कों के किनारे वृहद पैमाने पर वृक्षारोपण किया जाये। धान खरीदी एवं संग्रहण केन्द्रों के बाउंड्री में भी पौधरोपण किया जाये।

### मौसमी बीमारी के लिए दवाईयों की उपलब्धता हो

संभागायुक्त श्री राठौर ने कहा कि नये कानून के तहत जेल परिसर, जिला अस्पताल, तहसील एवं एसडीएम ऑफिस में वीडियो कांफ्रेंसिंग व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। वर्षा जनित मौसमी बीमारी की रोकथाम के लिए स्वास्थ्य केन्द्रों में सभी प्रकार की आवश्यक दवाइयां की उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। पीएचई विभाग द्वारा सभी हैण्डपम्पों का क्लोरीनेशन किया जाये। शासकीय मद से निर्मित भवनों का सदुपयोग हो, निर्माण कार्य एजेंसी विभाग नये भवनों को संबंधित विभागों को हैंडओवर करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी सुनिश्चित करें कि शासकीय कार्यालयों में अनुशासन झलकना चाहिए।



### कलेक्टर ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा की

बैठक के दौरान कलेक्टर श्री सिंह ने विभागीय समय-सीमा प्रकरणों के विभागवार समीक्षा की। उन्होंने कहा कि निराकृत प्रकरणों को विलोपित करने अधिकारी फाइल प्रस्तुत करें। शासन के निर्देशानुसार कार्यालयों में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों के विरूद्ध विभाग द्वारा कार्यवाही की जाये। स्कूली बच्चों के आधार अपडेशन हेतु स्कूलों में आधार शिविर लगाई जाये। कलेक्टर ने कहा कि जिले में लखपति दीदी अंतर्गत हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से जोड़ने कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य, पशुपालन, श्रम एवं ग्रामोद्योग विभाग दिये गये लक्ष्य अनुसार प्रकरण स्वीकृत कर हितग्राहियों को लाभान्वित करायें। उन्होंने राशन कार्डो की ईकेवायसी सामाजिक सुरक्षा पेंशन और अधिकारी-कर्मचारियों की सेवानिवृत्त पश्चात लंबित पेंशन प्रकरणों की भी जानकारी ली। कलेक्टर ने अवगत कराया कि शासन के मंशा अनुरूप जिले में ई-ऑफिस सिस्टम लागू किया जाना है। सभी विभागों के नोडल अधिकारी उन्हें उपलब्ध करायी गई मेल आईडी चेक कर लेवें। कार्यालयों में ई-ऑफिस सिस्टम के लिए नये कम्प्यूटर आदि विभागीय बजट से खरीदी की जाये। बजट के अभाव में जिला कार्यालय को अवगत करायी जाये ताकि प्रस्ताव शासन को प्रेरित किया जा सकें।

## 10 को गुरु पूर्णिमा, बेलौदी आश्रम में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



दुर्ग। श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में गुरु भक्तों द्वारा गुरु पूर्णिमा महोत्सव शिवनाथ नदी के पावन तट पर स्थित संत आशाराम बापू आश्रम बेलौदी दुर्ग में 10 जुलाई को मनाया जाएगा।

इसकी तैयारी 15 दिन पहले से जारी है। यह पर्व श्रद्धा आस्था और कृतज्ञता व्यक्त करने का महापर्व है। कार्यक्रम के तहत सुबह 8 बजे हरि ओम गुंजन, प्रार्थना, पंच गव्य पान, सुबह 8.30 बजे बापू की स्थाई उत्तम स्वास्थ्य के लिए सामूहिक हवन, सुबह 9.30 बजे गुरुवन्दना, आसारामायण पाठ, गुरुअष्टकम। संघ ने बताया कि सुबह 10.30 ग्राम चिखली से भजन कीर्तन करते हुए श्री गुरु चरण पादुका यात्रा निकाली जायेगी।

सुबह 11.35 पादुका पूजन, मानस पूजन, दोपहर 12.10 पूज्य श्री का वीडियो सत्संग, भजन, कीर्तन तत्पश्चात महाआरती, भोजन प्रसादी दी जाएगी। यह जानकारी युवा सेवा संघ ने दी।

## खबर संक्षेप

### नशा से दूर रहने का आह्वान

**कहगांव।** उच्चतर माध्यमिक शाला भर्रीटोला के बच्चों ने नशा मुक्ति अभियान के तहत रैली निकालकर गांव का भ्रमण करते हुए लोगों से नशा से दूर रहने का आव्हान किया। रैली में शिक्षक भी शामिल हुए उन्होंने भी नशा मुक्ति को लेकर लोगों को जागरूक किया।

### भरूहाटोला में बालसभा का गठन

**मुरमुंदा।** प्राथमिक शाला भरूहाटोला में 9 जुलाई को प्रधान पाठक धनुषराम कंवर, शिक्षक संजीव चन्द्रवंशी के मार्गदर्शन में बालसभा का गठन किया गया। बाल सभा में प्रधानमंत्री मोक्ष कुमार साहू, शिक्षा मंत्री खेमन साहू, खेल संस्कृति एवं खाद्य मंत्री टमेश्वरी नेताम, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता मंत्री शिवन्या साहू, कृषि एवं पर्यावरण मंत्री डिम्पल उइके, सुरक्षा एवं जनसंपर्क मंत्री जानवी साहू को बनाया गया है। इसी प्रकार कक्षा नायक कक्षा पहली देवराज पडोती, दूसरी में जानवी मंडावी, तीसरी में शिवम वर्मा, चौथी में रेशमा साहू, पांचवी में देवराज सिंह नेताम को बनाया गया है।

### गुरु पूर्णिमा महोत्सव आज

**भंडारपुर।** ग्राम पंचायत भंडारपुर करेला में शंकराचार्य निश्चलानंद महाराज एवं ब्रह्मलीन पीठाधीश्वर बालक भगवान के सुक्ष्म सानिध्य में 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। शिष्य परिवार के तत्वाधान में आयोजित महोत्सव में प्रातः 10 बजे पादुका पूजन, महाआरती, प्रवचन के बाद प्रसादी वितरण होगा। इसी क्रम में डोंगरग में विश्व जागृति मिशन के संस्थापक संत सुधांशु महाराज के सानिध्य में कल 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा महोत्सव मनाया जाएगा। खेमका निवास में शाम 6 बजे से गुरु पाद पूजन, सत्संग होगा। मिशन के अध्यक्ष एनआर देवांगन, संयोजक गोपाल खेमुका ने सभी साधकों से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित की अपील की है।

### पशुपतिनाथ मंदिर में आरती का आयोजन

**डोंगरगढ़।** पशुपतिनाथ महिला मंडली ब्राम्हणपारा द्वारा प्रतिदिन भगवान पशुपतिनाथ मंदिर में आरती का आयोजन किया जा रहा है जिससे भक्तिमय माहौल बना रहता है। महिला मंडली द्वारा आरती के साथ हर मंगलवार को सुंदरकांड का पाठ, अभिषेक का आयोजन किया जाता है। समय समय में भंडारा प्रसादी का आयोजन भी किया जा रहा है। कार्यक्रम में सुषमा मिश्रा, सुनीता सेंगर, प्रतिमा, मीणा, भानू गजेंद्र, रतनीसिंह, तीजन पटेल, अनिता पटेल, लता ठाकुर, पार्वती सेंगर, साधना शर्मा, नूतन शर्मा, उमा ठाकुर, चुन्नी यदु, नम्रता यदु, सीमा, निर्मला ठाकुर, कामिनी साहू, अरूणा मंडावी आदि उपस्थिति दर्ज करा रही है।

### गुरू पूर्णिमा आज, नर्मदा में अभिषेक 21 को

**सड़क अतरिया।** अंचल कल गुरूवार को गुरू पूर्णिमा उल्लास से मनाया जाएगा। चोरड़ाधाम, सिद्ध बाबा मंदिर में पूजा अर्चना एवं भजन कीर्तन का आयोजन किया गया है। चोरड़ाधाम लोगों की भीड़ उमड़ने की संभावना है। हर साल यहां गुरू पूर्णिमा भक्तिमय माहौल में मनाया जाता है। इसी तरह कुछ स्कूलों में पर्व को मनाने की तैयारी किया गया है।

बच्चों को हमेशा नया सीखने के लिए प्रेरित करें, संकल्प लेकर जाए कि बच्चों के हित में बेहतर करना है : डाइट प्राचार्य

# शिक्षकों को पांच दिवसीय प्रशिक्षण में बेहतर शिक्षा देने की प्रेरणा दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में चारों विकास के पूर्व माध्यमिक विभाग के कक्षा छठवीं के नई पाठय पुस्तकों पर आधारित कक्षा छठवीं पढ़ाने वाले सभी 6 विषय शिक्षकों (बीआरजी) के पांच दिवसीय प्रशिक्षण का उल्लासपूर्ण और गरिमामय वातावरण में समापन हो गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूरे प्रशिक्षण की प्रभारी एवं वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय उपस्थित थी। सर्वप्रथम विद्या की देवी मां शारदे की पूजा अर्चना से कार्यक्रम की शुरुआत हुई। पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन अवसर पर प्रशिक्षार्थियों को संबोधित करते डाइट प्राचार्य जे के घृतलहरे ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपनी क्षमता को निखारने का प्रयास करते हैं। प्रशिक्षण ही हमें क्षमता वान बनाता है अतः आप अपने कक्षा के बच्चों को बेहतर से बेहतर देने का प्रयास करें। बच्चों को आप सरल से सरलतम भाषा का प्रयोग कर उन्हें समझाने का प्रयास करें। छोटे बच्चों के लिए गतिविधियों द्वारा अध्यापन कार्य सबसे श्रेष्ठ होता है। आप अपनी विषय वस्तु को बच्चों के लिए अनुकूल और रुचिकर बनाएं। तभी बच्चों की मूलभूत साक्षरता और संख्या ज्ञान में बढ़ोतरी होगी और इस तरह से हम शैक्षिक गुणवत्ता में बढ़ोतरी कर सकते हैं। यदि हमें अपने स्कूल के लिए अच्छा कार्य करना है तो हमें आज ही यहां से संकल्प लेकर जाना है कि हमें अपने स्कूल के लिए अपने बच्चों के लिए बेहतर से बेहतर कार्य करना है। उन्होंने इस अवसर पर एक शेर भी सुनाया। बेहतर से बेहतर की तलाश करो, मिल जाए नदी, तो समुन्दर की तलाश करो, टूट जाते है शीशे पत्थर की चोट से, टूट जाए पत्थर, ऐसे शीशे की तलाश करो।

डाइट के प्राचार्य जे के घृतलहरे ने सभी मास्टर ट्रेनर्स और डीआरजी को बेहतर प्रशिक्षण देने के लिए धन्यवाद दिया। इस प्रशिक्षण के माध्यम से आप अपने दायित्वों का निर्वहन पुरी ईमानदारी पूर्वक, सक्रियता के साथ और उत्साहित होकर सकते है। इस प्रशिक्षण में जिला स्त्रोत व्यक्ति के रूप में विज्ञान में ज्योति श्रीवास्तव, केजहा राम निषाद, घनश्याम माडीले, गणित विषय में अशोक कुमार साहू, रेणुका अग्रवाल, संजय सरकार, संस्कृत विषय में हीरा लाल साहू, दौलत राम साहू, डॉ नीलेश कुमार तिवारी, हिन्दी विषय में अनिल कुमार वर्मा, वीरेन्द्र राठौर, तेखन सिंह वर्मा, सामाजिक विज्ञान में हेमलता बंजारे, दीपचंद देवांगन, रामू पात्रे, अंग्रेजी विषय में अर्पणा शर्मा, भागवत प्रसाद बानी, सहित डाइट के व्याख्याता व प्रशिक्षण प्रभारी उषा किरण पाण्डेय, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू, यमुना जागड़े, राजकुमार वर्मा, कीर्ति घृतलहरे, श्रद्धा तिवारी, अमिंदर भारती, नागेंद्र शर्मा, कमलेश शर्मा, सत्येंद्र मिश्रा, पूनम पाण्डेय, सरस्वती साहू आदि उपस्थित थे।

### मंजिल मिले न मिले कोशिश करना है दायित्व

शिक्षकों को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि मंजिल मिले या न मिले, यह तो मुकद्दर की बात है, हम कोशिश ही न करे, यह तो गलत बात है। पूर्व माध्यमिक विभाग में कक्षा छठवीं पढ़ने वाले सभी विषयों के प्रशिक्षण का आज समापन हो रहा है। आपके चेहरे की मुस्कान बता रही है कि आप यहाँ से उत्साहित होकर जा रहे है। जो कुछ भी आप यहां से सीख कर जा रहे हैं बच्चों के बीच 100% जाए, इस बात का हमें ध्यान रखना है। नवीन पाठ्य पुस्तक के हर बिंदुओं को बच्चों के लिए रुचिकर बनाएं और हमेशा शुभ कार्य करें। इस दृष्टिकोण से आप सब की जिम्मेदारी और भी बहुत ज्यादा बढ़ जाती है। डाइट प्राचार्य ने इस अवसर पर कहा कि सभी बीआरजी इस प्रशिक्षण को पूरी तरह से गंभीरता पूर्वक ले।

## मुरता में संकुल में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

संकुल स्तरीय शाला प्रवेश कार्यक्रम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरता विकासखंड नवागढ़ में धूमधाम के साथ मनाया गया शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ खोरबाहरा राम साहू एवं अतिथिओं के द्वारा नवप्रवेशी बच्चों को ग़ुलाल लगाकर, पुस्तक वितरण व मिठाई खिलाकर स्वागत वंदन किया गया।

स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी देखने लायक रहा। जिसमें संकुल के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़ खोरबाहरा राम साहू, सरपंच मुरता बुधराम गेंदले, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लोकेश साहू, संकुल प्राचार्य नरसिंह जायसवाल, संकुल समन्वयक सतीश कुर्रे, प्रधानपाठक राकेश दत्त दुबे, परमानन्द पाण्डेय, रामायण मनहरे, देवेंद्र शर्मा, मंतराम साहू, बृजपाल सिंह डाहिरे, लालाराम यादव, परमेश्वर साहू, कामती ठाकुर, शिक्षकगण हेमलाल साहू, आशाराम सिन्हा, आशीष वैष्णव, विनोद साहू, राजेश वर्मा, शांतकुमार पटेल, जॉनी मार्कण्डेय अनिल राजपूत, रैलेन्द्र हिरवानी, वेदप्रकाश धृतलहरे, व्याख्याता विनोद साहू, शैलेश कश्यप, टीएस बर्मन, सुनील साहू, सुरेंद्र वर्मा, रतनलाल ध्रुव, के पी धृतलहरे, किशन लहरे, पालक विष्णु साहू, वीना देवांगन, अनीता साहू, सीमा साहू, निधि सोनी, पुरवी देवांगन, वंदना साहू, एवं विद्यार्थीगण उपस्थित।

## किसान वृक्ष मित्र योजना के तहत सागौन पौधा का रोपण किया गया



**साजा।** राष्ट्रीय स्तर से देश की पर्यावरणीय पारीस्थितकी में आवश्यक सुधार लाने तथा कृषकों के सहयोग से पौधारोपण को बढ़ावा देने की दृष्टि से किसान वृक्ष मित्र योजना प्रारंभ की गई है। छत्तीसगढ़ में इसे प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए वन मंडलाधिकारियों की पहल पर विकास खंडों में वंरक्षकों द्वारा किसानों को अपनी खेतों व उसकी मेड़ों पर सागौन, निलगिरी आदि के पौधे लगाने के लिए निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसके तहत जिला बेमेतरा साजा के मूल निवासी व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक एवं पर्यावरणविद् राम कुमार वर्मा , राजेन्द्र वर्मा, पत्नी वीणा वर्मा, माता शांति बाई वर्मा की खेतों के मेड़ों में इस योजना के तहत 300 सागौन सहित फलदार पौधे करौंदा, नींबू, कटहल आदि का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में सामयिक पहल की है। साथ ही आसपास के कृषकों को प्रोत्साहित कर इस योजना को राज्य व स्थानीय स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू करने की अपील की है। इस प्रयास के लिए जिला वन मंडलाधिकारी दुर्ग सतीश कपील, पौधा वितरण प्रभारी कमल साहू पुलगांव दुर्ग, प्रीति देवांगन सुपरवाइजर वन परिक्षेत्र साजा जिला बेमेतरा आदि ने सक्रियता से सहयोग किया। पौधारोपण में स्थानीय युवकों महेंद्र लहरे, विष्णु ठाकुर व पुष्पेंद्र लहरे आदि ने सहयोग किया।

## उप संचालक पाराशर के स्थानांतरण पर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जनसंपर्क कार्यालय बेमेतरा में एक संक्षिप्त एवं भावनात्मक विदाई समारोह आयोजित किया गया, जिसमें उप संचालक जनसंपर्क शशिरत्न पाराशर को स्थानांतरण के उपरांत भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके योगदान को सराहा गया।

श्री पाराशर का स्थानांतरण जनसंपर्क बेमेतरा से जनसंपर्क कार्यालय धमतरी के लिए हुआ है। विदाई समारोह में सहायक जनसंपर्क अधिकारी राहुल बघेल, जिला समन्वयक प्रियंका पवार, ऑपरेटर ईश्वर यदु, अखिलेश सिंह, गगन साहू, श्री राजेश, महेंद्र वर्मा तथा डीआईओ रोहित चंद्रवंशी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सहायक संचालक राहुल बघेल ने उन्हें शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि "बेमेतरा में आपके योगदान और नेतृत्व के लिए हार्दिक धन्यवाद। धमतरी में आपकी नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं — आपकी कार्यशैली वहां भी प्रेरणादायी सिद्ध होगी। जिला समन्वयक प्रियंका पवार ने कहा कि "आपने हमें जो सिखाया, वह हमारे करियर और जीवन के हर कदम पर हमारा मार्गदर्शन करेगा। आपकी सीखें हमेशा हमारे साथ रहेंगी। आपका उत्साह और ऊर्जा हमारी टीम की प्रेरणा रहे हैं। आपके नए सफर में सफलता और खुशियाँ निरंतर मिलती रहें, यही हमारी कामना है। वहीं डिस्टिक मैनेजर महेन्द्र वर्मा एवं डीआईओ रोहित चंद्रवंशी ने भी श्री पाराशर के प्रति अपनी शुभकामनाएँ प्रकट कीं। भावुक विदाई समारोह में उप संचालक शशिरत्न पाराशर ने कहा कि "बेमेतरा में उप संचालक जनसंपर्क के रूप में बिताए गए दो वर्ष मेरे लिए अत्यंत मूल्यवान रहे। यहीं मुझे सहायक संचालक से उप संचालक के पद पर पदोन्नति प्राप्त हुई, जो निश्चित ही मेरे सेवाकाल की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही। श्री पाराशर ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि "आप सभी यूँ ही जनसंपर्क विभाग को अपनी कर्मठता और सकारात्मक ऊर्जा से आगे बढ़ाते रहें, यही मेरी कामना है।" कार्यक्रम का समापन आत्मीयता और भावनाओं से भरे वातावरण में हुआ, जहाँ सभी की आंखों में विदाई की नम सी अनुभूति थी, लेकिन साथ ही उज्ज्वल भविष्य की कामनाओं की चमक भी स्पष्ट दिख रही थी।

## फुड स्टाल एवं मरम्मत पर आवासीय प्रशिक्षण 14 से

**बेमेतरा।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा जिले के युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से निःशुल्क एवं आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस कड़ी में 14 जुलाई 2025 से फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की जा रही है, जिसमें फास्ट फूड, केक आदि बनाने का व्यावसायिक प्रशिक्षण 12 दिनों तक दिया जाएगा। इसके साथ ही इच्छुक युवक-युवतियाँ 1 अगस्त 2025 तक घरेलू विद्युत उपकरण मरम्मत हेतु 30 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बेमेतरा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों के 18 से 45 वर्ष तक के बेरोजगार युवक-युवतियाँ शामिल हो सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों को निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ आवासीय सुविधा भी प्रदान की जाएगी। आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज मे आधार कार्ड की दो प्रति, राशन कार्ड की दो प्रति, अंकसूची की एक प्रति, पासपोर्ट साइज फोटो 5 नग शामिल है । एसबीआई आरसेटी, जो वर्तमान में अस्थायी रूप से लाइवलीहुड कॉलेज, ग्राम मटका, रायपुर रोड, बेमेतरा में संचालित है। यह स्थान बेमेतरा बस स्टैंड से लगभग 9 किमी की दूरी पर स्थित है। इच्छुक आवेदक निर्धारित समय-सीमा के भीतर आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन कर सकते हैं। यह अवसर युवाओं को स्वरोजगार की दिशा में अग्रसर होने हेतु सशक्त बनाएगा।

## अकोला स्कूल में शाला प्रबंधन समिति ने कराया नेवता भोज



**बेमेतरा।** शाला प्रबंधन समिति के सहयोग से शासकीय प्राथमिक शाला अकोला विकासखंड साजा में न्योता भोजन का आयोजन किया गया। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा, सरपंच देवकुमारी देवेंद्र वैष्णव, उपसरपंच जितेंद्र वर्मा, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रोमन सिंह ठाकुर, उपाध्यक्ष जगाधर साहू के सहयोग से युक्तियुक्तकरण में स्थानांतरण हुए हिरेश कुमार टंडन के विदाई समारोह में सम्पूर्ण नेवता भोज का आयोजन किए। जिसमें दाल, चांवल, सब्जी, खीर, पूड़ी, अचार, पापड़, मिठाई परोसे।

बता दे कि /"नेवता भोज/" कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए समुदाय की भागीदारी से भोजन को और अधिक पौष्टिक बनाना है, इससे बच्चों में अपना पन व समानता की भावना विकसित होता है, क़ोई भी व्यक्ति या समुदाय के लोग शादी, वैवाहिक वर्षगांठ, जन्मदिन, त्यौहार आदि अवसरों पर अपनी स्वेच्छा से नेवता भोज का आयोजन करा सकते है। प्रधान पाठिका हिम कल्याणी सिन्हा ने बताया कि समुदाय से शाला के विकास कार्यों में लगातार सहयोग मिल रही है। समिति के द्वारा कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों को पहाड़ा और पेन्सिल सहित स्टेशनरी सामाग्री वितरण किए। इस अवसर पर शिक्षिका हेमलता ठाकुर, सचिव टहल साहू, गोपाल पटेल, पंचराम निषाद, मुन्नी यादव, मीना यादव, लवकुमार साहू, दिलेश्वर साहू, राजा ध्रुवे, डाकवर ठाकुर, प्रेमनारायण साहू, बहल साहू, प्रतिमा निषाद एवं पालकगण उपस्थित रहे। सभी नेवता भोज का आनंद लिए और धन्यवाद प्रेषित किए। हिरेश कुमार टंडन युक्तियुक्तकरण में स्थानांतरण होकर सारंगपुर स्कूल चले गये है। प्रधान पाठिका हिमकल्याणी सिन्हा ने कहा कि हिरेश कुमार एक कर्तव्यनिष्ठ शिक्षक है। समय पर शाला आते थे। बच्चों को मन लगाकर पढ़ाते थे। गाँव वाले भी उनके कार्यों की प्रशंसा किए। बच्चें शिक्षक के चले जाने से दुःखी हुए, शाला में उनके विदाई समारोह के अवसर पर शाला प्रबंधन समिति शाल श्रीफल हार पुष्प गुच्छ व उपहार भेंट किए। हिमकल्याणी सिन्हा और हेमलता ठाकुर उपहार भेंट किये। साथ बच्चें भी आरती की थाल सजाकर, तिलक लगाकर अपने शिक्षक को घड़ी, पेन, चॉकलेट आदि उपहार स्वरूप भेंट किए। हिरेश कुमार भावुक हो गये। शाला और बच्चों के प्रति अपनी भावना प्रकट किए। शाला परिवार सहित ग्रामवासी नए स्कूल के लिए शुभकामना दिए।

## एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के छात्रसंघ ने दायित्व एवं अनुशासन की शपथ ली




**बेमेतरा।** एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल के लिए गर्व का विषय है कि सत्र 2025-26 के शुभारंभ पर विद्यालय प्रांगण में एक गरिमामय प्रार्थना सभा के दौरान छात्र परिषद् का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह उत्साहपूर्वक संपन्न हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के नेतृत्व, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं विद्यालय के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का सजीव उदाहरण रहा। इस समारोह के माध्यम से योग्य, कर्मठ एवं समर्पित छात्र- छात्राओं को विभिन्न पदों पर मनोनीत कर उनके उत्तरदायित्वों से औपचारिक रूप से अवगत कराया गया। छात्रों के इस उत्साह को देखते हुए विद्यालय प्राचार्य गिरीश कुमार ने सभा को संबोधित करते हुए छात्र परिषद् के नवनिर्वाचित सदस्यों एवं शाला के सभी विद्यार्थियों को विद्यालय के प्रति उनके दायित्व, कर्तव्यनिष्ठता, अनुशासनप्रियता जैसे गुणों से अवगत कराया, साथ ही छात्र परिषद् के लिए चुने गए नवीन सदस्यों के नाम की घोषणा की जिसमें शाला नायक के पद पर सीनियर विंग से दक्ष भूतड़ा (कक्षा बारहवीं) एवं जूनियर विंग से रणवीर कश्यप (कक्षा आठवीं), उसी प्रकार शाला नायिका के पद हेतु सीनियर विंग से छात्रा ऐमन खान (कक्षा बारहवीं) एवं जूनियर विंग से प्रज्ञा पटेल (कक्षा आठवीं) के नामों की घोषणा की गई। इसी प्रकार क्रमशः उप-शालानायक एवं उप-शालानायिका के पद हेतु सीनियर विंग से अर्णव गौतम (कक्षा ग्यारहवीं) एवं जूनियर विंग से आहन पाठक (कक्षा सातवीं) इसी प्रकार छात्रा सौम्य तिवारी (कक्षा ग्यारहवीं) एवं आलिया परवेज़ (कक्षा सातवीं) का नाम घोषित किया गया।

तत्पश्चात विद्यालय में कार्यरत चारों सदनों के नेतृत्व के नामों की घोषणा की गई जिसमें सर्वप्रथम आर्यभट्ट सदन परिषद् के अंतर्गत छात्र सदन प्रमुख कृष्णा अग्रवाल (कक्षा बारहवीं,) पार्थ जैसवाल (कक्षा आठवीं) एवं छात्रा सदन प्रमुख अन्वेशा केशरवानी (कक्षा बारहवीं), मार्या अग्रवाल (कक्षा आठवीं) से हैं। उसी प्रकार छात्र सदन उप प्रमुख भव्य पटेल (कक्षा ग्यारहवीं), हर्ष कुमार देवांगन (कक्षा सातवीं) से हैं। छात्रा सदन उप प्रमुख गुनगुन वर्मा (कक्षा ग्यारहवीं) एवं कनक वर्मा (कक्षा सातवीं) से हैं। अनुशासन छात्र प्रमुख प्रिंस रिझवानी (कक्षा बारहवीं) एवं श्रेष्ठ जैसवाल (कक्षा आठवीं) एवं छात्रा प्रमुख शुभांक्षिका पुरवार (कक्षा बारहवीं) एवं चारवी जैन (कक्षा आठवीं) से हैं। क्रीडा छात्र प्रमुख आयन खान (कक्षा बारहवीं) एवं दिव्यान्श जैन (कक्षा आठवीं) तथा छात्रा प्रमुख अनुश्रेया पाठक (कक्षा बारहवीं) एवं आर्य केडीया (कक्षा आठवीं) से हैं। सांस्कृतिक छात्र प्रमुख प्रियांश सिन्हा (कक्षा बारहवीं) एवं सूर्यान्श धुर्वे (कक्षा आठवीं) तथा छात्रा सांस्कृतिक प्रमुख भूमि अग्रवाल (कक्षा बारहवीं) एवं भूमि गांधी (कक्षा आठवीं) से हैं। इसी प्रकार भाभा सदन परिषद के अंतर्गत छात्र सदन प्रमुख अंश जिंदल (कक्षा बारहवीं) एवं मोक्ष वर्मा (कक्षा आठवीं) से हैं, उसी प्रकार छात्रा सदन प्रमुख भूमिका अग्रवाल (कक्षा बारहवीं) एवं तनिशा सोनी अग्रवाल (कक्षा आठवीं) से है। उसी प्रकार छात्र सदन उप-प्रमुख पार्थ देवांगन (कक्षा ग्यारहवीं) एवं तनवीर चावला (कक्षा सातवीं) से एवं छात्रा सदन उप-प्रमुख विनीता मालनी (कक्षा ग्यारहवीं) एवं सान्वी जैसवाल (कक्षा सातवीं) से हैं।

## 30 महिला व बालिकाओं का सिलाई प्रशिक्षण जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



महिला एवं बालिकाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति योजना अंतर्गत बेमेतरा (ग्रामीण) परियोजना द्वारा 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत ग्राम बीजाभाट के कर्मा भवन में महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) द्वारा एक माह का निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण प्रारंभ किया गया है। जिसमें 30 इच्छुक किशोरी बालिकाएं एवं महिलाएं सम्मिलित हैं। प्रशिक्षण का संचालन मास्टर ट्रेनर योगेश्वरी निर्मलकर द्वारा किया जा रहा है। प्रशिक्षण के दौरान महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी चन्द्रबेश सिंह सिसोदिया द्वारा प्रतिभागियों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी गई। इसमें नोनी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना, छत्तीसगढ़ महिला कोष की सक्षम योजना एवं ऋण योजना शामिल हैं। सक्षम योजना के अंतर्गत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाली ऐसी महिलाएं, जिनके पति की मृत्यु हो चुकी हो, 35 से 45 वर्ष की आयु की अविवाहित महिलाएं, कानूनी रूप से तलाकशुदा, यौन उत्पीड़न की शिकार, एच.आई.व्ही. पॉजिटिव महिलाएं अथवा ऐसी कोई जरूरतमंद महिला जो 18 से 45 वर्ष की आयु की हो और जिसकी वार्षिक आय 2 लाख रुपये तक हो, उन्हें 3% वार्षिक साधारण ब्याजदर पर 40,000 से 2,00,000 तक का ऋण प्रदाय किया जा सकता है। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला स्वावलंबन और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को स्वनिर्भर बनने की प्रेरणा और अवसर दोनों मिल रहे हैं।

ओम हॉस्पिटल
NABH Entry Level
आई सी यू विभाग
• जीरो इंफेक्शन युक्त आधुनिक 32 बेड आई.सी.यू
• अनुभवी एवं विशेषज्ञ गहन चिकित्सा टीम
• मेडिकल एवं सर्जिकल गहन चिकित्सा
• अत्याधुनिक मशीनों द्वारा देखभाल एवं ईलाज
• विशेष प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ
• रोड एक्सीडेंट्स, सभी प्रकार के ट्रामा एवं इमरजेंसी गहन चिकित्सा
• जहर, सर्पदंश इलेक्ट्रिक शॉक
• मस्तिष्क, गुर्दा रोग, फेफड़े लकवा एवं हड्डी संबंधित समस्याओं के लिए विशेष व्यवस्था
शहीद वीर नारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, BSKY, ESIC, CSEB, TPA एवं INSURANCE से फ्री में ईलाज
एच.पी.पेट्रोल पंप के पास, महादेवघाट रोड, रायपुरा चौक, रायपुर (छ.ग.), मो. 8370008551
खरोरा रोड़, तिल्दा (छ.ग.), मो. 9302734809
स्व.राजा वीरेंद्र सिंह शासकीय महाविद्यालय के पास, एनएच रोड,सरायपाली (छ.ग.), मो.8370008558
प्रताप देव वार्ड नं. 11, हटा गांधी मैदान के सामने जगदलपुर (छ.ग.), मो. 9131753200
#Rajesh

हाथी पांव
पैर में सूजन (हाथी पांव)
जैनाईटल फाईलेरियेसिस (जननांगों में सूजन)
DR. NIRVED JAIN (PLASTIC SURGEON)
ब्लू वीनस प्लास्टिक सर्जरी
जीवन मेमोरियल हॉस्पिटल
7400558800

फेस लिफ्ट
• बोटाक्स
• फिलर
• थ्रेड लिफ्ट
• स्कीन पॉलिशिंग
• लेज़र फेशियल
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
Ajay Advt.

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
03 नवंबर से 09 नवंबर 2025 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411